पंजाब केसरी
22-11-2025

# विद्यार्थियों को अत्याधुनिक भाषा-शिक्षण सुविधाओं से करवाया परिचित



परीक्षा में हिस्सा लेते प्रतिभागी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट की भाषा प्रयोगशाला में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ऑफनर्सिंग के विद्यार्थियों बीएससी नर्सिंग और जीएनएम दोनों बैचों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। इस इंटरैक्टिव सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को अत्याधुनिक भाषा-शिक्षण सुविधाओं से परिचित कराना और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संवाद कौशल के महत्व को उजागर करना था।

कार्यक्रम में कुल 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक प्रारंभिक मूल्यांकन परीक्षा भी दी, जिसे उनकी वर्तमान भाषा-प्रवीणता का आकलन करने के लिए तैयार किया गया था। यह परीक्षा भाषा प्रयोगशाला में भविष्य की कौशल-वृद्धि सत्रों की योजना बनाने के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेगी। यह सत्र मेहक तलवार, कन्वीनर के नेतृत्व में और कमलप्रीत कौर, चेयरमैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सह-कन्वीनर हर्षिता ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डा. रोहित दत्त, प्राचार्य गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने इस सामूहिक प्रयास की सराहना की।